आधुनिक भारत का इतिहास

राष्ट्रवाद

(खंड-3)

-मणिकांत सिंह

1. भारत के विभाजन का बाल्कन प्लान उपज थी –

(a) डब्ल्यू. चर्चिल के मस्तिष्क की

(b) एम. ए. जिन्ना के मस्तिष्क की

(c) लॉर्ड माउण्टबेटन के मस्तिष्क की

(d) वी. पी. मेनन के मस्तिष्क की

2. भारत के विभाजन के विकल्प के रूप में गाँधीजी ने माउण्टबेटन को सुझाया था कि वे -

(a) स्वतंत्रता प्रदान करने के कार्य को स्थगित करें।

(b) जिन्ना को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करें।

(c) नेहरू एवं जिन्ना को साथ-साथ सरकार बनाने कि लिए आमंत्रित करें।

(d) सेना को कुछ समय के लिए अधिकार ग्रहण करने के लिए आमंत्रित करें।

3. सन् 1947 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस देश के विभाजन के लिए मुख्य रूप से इसलिए सहमत हुई, क्योंकि-

(a) उन्हें तब द्विराष्ट्र सिद्धान्त स्वीकार था।

(b) इसे ब्रिटिश सरकार द्वारा थोपा गया था और कांग्रेस इस मामले में निःसहाय थी।

(c) वे बड़े पैमाने पर सम्भावित साम्प्रदायिक दंगों को बचाना चाहते थे।

(d) भारत स्वाधीनता प्राप्त करने के अवसर से अन्यथा वंचित रह जाता।

4. भारत की स्वाधीनता के समय, महात्मा गाँधी-

(a) कांग्रेस कार्यकारिणी समिति के सदस्य थे।

(b) कांग्रेस के सदस्य नहीं थे।

(c) कांग्रेस के अध्यक्ष थे।

(d) कांग्रेस के महासचिव थे।

5. माउन्टबेटेन योजना के तहत पाकिस्तान में शामिल होने के मुद्दे पर निम्नलिखित में किस क्षेत्र का जनमत संग्रह कराया गया था?

1. सिंध
2. बलूचिस्तान
3. उत्तर पश्चिम सीमा प्रांत

(a) केवल 1
(b) केवल 3
(c) 1 और 3
(d) 1, 2 और 3